RAJMATA VIJYARAJE SCINDIA KRISHI VISHWA VIDYALAYA
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
KRISHI VIGYAN KENDRA, MORENA (M.P.)-476001
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना (म.प्र.)—476001

E-mail: kvk.morena@rvskvv.net Website : www.kvkmorena.com Off. Ph. No. : 07532-292810

क्रं. / कृ.वि.के. / निविदा / 2023—24 / 1037 दिनांक 19/01/24

## / / निविदा सूचना / /

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित 8th फार्मटेक एशिया मेला दिनांक 03 से 06 फरवरी, 2024 में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों से कृषको की कृषि मेला में सहभागिता के लिये उक्त तिथियो में परिवहन हेतु (50—60 सीटर वाली) बसों की आवश्यकता है। जिसके लिए पंजीकृत बस ट्रेवल्स एजेन्सीयों से समिति निविदा दरें आमंत्रित की जाती है। सीमित निविदा प्रपत्र राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर की **वेबसाइट (www.rvskvv.net)** से डाउनलोड कर दिनांक 29.01.2024 (दिन सोमवार) सांय 5 बजे तक निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 300 / — के डिमांड ड्राफ्ट (राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान, मुरैना के नाम से देय) के साथ पंजीकृत / स्पीडपोस्ट से **कार्यालय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, ए.बी. रोड़ मुरैना—476001 (म.प्र.)** में जमा किये जायेंगें। उक्त निविदायें कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के कार्यालय में क्रय—विक्रय समिति एवं निविदाकताओं के समक्ष दिनांक 30.01.2024 (दिन मंगलवार) को अपराह्न 01.00 बजे खोली जावेंगी।

**संलग्न** :— निविदा की शर्ते, निविदा फार्म (अ एवं ब)

19/01/24
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख

**प्रतिलिपि** :— सूचनार्थ

1. निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।
2. अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय,रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।
3. सह संचालक अनुसंधान, ऑ.कृ.अनु.केन्द्र, मुरैना।
4. निज सचिव, माननीय कुलपति महोदय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख
Senior Scientist & Head
R.V.S.K.V.V. Krishi Vigyan Kendra
Morena-476001 (M.P.)

## सीमित निविदा की शर्तें (बस हेतु)

1. केवल कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र पर साफ एवं स्वच्छ रूप से भरी हुई दरें ही स्वीकार की जायेंगी तथा ओवरराइटिंग की हुई दरें अस्वीकार कर दी जायेंगी।
2. धरोहर राशि रू. 5000/– (जो वापिसी योग्य होगी) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की बैंक डिपोजिट (FDR) के रूप में निविदा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। बैंक डिपोजिट (FDR) **रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना** के नाम से होगा।
3. समुचित रूप से भरी हुई निविदायें सीलबंद लिफाफे में धरोहर राशि के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के कार्यालय में **29.01.2024** सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से जमा की जायेंगी जो दिनांक 30.01.2024 को अपराह्न 01.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।
4. प्रत्येक निविदाकार को निविदायें निम्न सीलबंद लिफाफो में प्रेषित करनी होगी :–

   अ. **प्रथम लिफाफे** में धरोहर राशि रू. 5000/– (जो वापिसी योग्य होगी) बैंक डिपोजिट (FDR) के रूप में रखे तथा निम्न दस्तावेज भी प्रस्तुत करें एवं लिफाफे के ऊपर **"टेक्निकल बिड"** अंकित करें।

   (i) फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर एवं जी.एस.टी.नम्बर की प्रति।

   (ii) फर्म के आयकर रिटर्न की विगत 3 वर्षो की प्रतियॉ यदि उपलब्ध होवें।

   (iii) उपलब्ध करायी जाने वाली बसों की नम्बर सहित सूची एवं उक्त बसों के पंजीकरण एवं फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रति।

   (iv) विगत वर्षो के शासकीय संस्थानों में अनुबंध/अन्य कार्यो हेतु वाहन उपलब्ध कराया गया हो उसकी जानकारी।

   (v) नियम व शर्तो पर सहमति हेतु हस्ताक्षर।

   (vi) सीमित निविदा फार्म "अ"।

   ब. **दूसरे लिफाफे** में बस की परिवहन दरें प्रति कि.मी. के आधार (डीजल, टोल, आरटीओ, वाहन चालक भत्ता एवं अन्य खर्चो सहित) (निविदा फार्म "ब") रखें तथा लिफाफे पर **"फाइनेंशियल बिड"** अंकित करें।

   स. **एक बडे लिफाफे** में उक्त दोनों लिफाफे रखें तथा उस पर कृषि मेले 03–06 फरवरी, 2024 में कृषकों के बसों से परिवहन के लिये बसों की निविदा" अंकित कर स्वयं का पता एवं कार्यालयीन पता अंकित करें।

5. सीमित निविदा में दरें डीजल, समस्त कर एवं खर्चो हेतु दर्शायें।
6. वाहन चालक का भत्ता/अन्य खर्च सीमित निविदा दरों में ही सम्मिलित होंगे
7. समस्त वाहनों के नम्बरों एवं वाहन चालकों के मोबाइल नम्बरों की सूची उपलब्ध करानी होगी।
8. वाहन चालकों के पास वैध लाईसेंस होना आवश्यक है।
9. प्रत्येक बस में चालक के अतिरिक्त एक हैल्पर होना चाहिए जो कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार का नशा या धूमपान नहीं करेंगें।
10. बस की कंडीशन (इंजन,टायर, शीट, खिडकी इत्यादि) अच्छी होनी चाहिए।
11. बस का संचालन बस के साथ गये केन्द्र के वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के अनुसार होगा। जिसमें बस स्टॉफ को पूर्ण सहयोग करना होगा।

Senior Scientist & Head
R.V.S.K.V.V. Krishi Vigyan Kendra

12. जिस भी ट्रेवल्स के कुटेशन न्यूनतम पाये जायेंगे उसकी बसों का केन्द्र की समिति द्वारा निरीक्षण उपरांत ही उसे मान्य किया जाकर कार्य आदेश दिये जायेंगे।
13. परिवहन हेतु बसों को नियत बताये गये गॉव/स्थान पर समय से पहुॅचना होगा। कृषकों मेले के नियत स्थान पर छोडने के पश्चात पार्किंग में कृषकों को वापस लाने तक बस एवं वाहन चालक को रूकना होगा।
14. उक्त कार्य हेतु किये जाने वाले भुगतान पर नियमानुसार आयकर एवं अन्य कर लगता हो, काटा जायेगा।
15. फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन होना आवश्यक है।
16. बस उपलब्ध कराने हेतु किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। परिवहन कार्य से समिति के संतुष्ठ होने पर ही तत्संबंधी बिलों का भुगतान किया जायेगा।
17. कार्यालयीन समिति के अध्यक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।
18. केवल एक या दो अधिक निविदा प्राप्त होने पर निविदा खोलने या न खोलने का निर्णय केन्द की कय विकय समिति द्वारा लिया जायेगा।
19. फर्म किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हो।
20. यदि आपकी कोई शर्त होतो उसे भी कुटेशन में अवश्य दर्शायें।
21. किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना का मान्य होगा।

13/01/24

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख**
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना

Senior Scientist & Head
R.V.S.K.V.V. Krishi Vigyan Kendra
Morena-476001 (M.P.)

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
## कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना
### निविदा फार्म "अ" (टेक्नीकल विड)

1. निविदाकार का नाम एवं पता ..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य (प्रति प्रपत्र) रू. 300.00
   - ड्राफ्ट क्र. :..............................दिनांक............................डी.डी. (संलग्न)
3. निविदा धरोहर राशि : रू. 5000.00

   बैंक एफ.डी.आर. क्र......................दिनांक............................राष्ट्रीयकृत बैंक..............शाखा...............
   - फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर की प्रति।
   - फर्म के जी.एस.टी. नंबर की प्रति।
   - बसों के पंजीकरण की प्रति।
   - बसों के वैध लाईसेंस की प्रति।
4. उत्कृष्ट सेवा हेतु प्रशंसा पत्र (यदि कोई हो) संलग्न

दिनांक.............

हस्ताक्षर
(निविदाकर/अधिकृत प्रतिनिधि)

Senior Scientist & Head
R.V.S.K.V.V. Krishi Vigyan Kendra
Morena-476001 (M.P.)

# राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
## कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना
### निविदा फार्म ''ब'' (फायनेंशियल बिड)

निविदांकार का नाम एवं पता ..............................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 29 जनवरी, 2024 (सोमवार) समय सायं 5.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30 जनवरी, 2024 (मंगलवार) समय अपराह्नः 01.00 बजे

**भोजन/नाश्ता पैकेट हेतु दरें**

| क्र. | विवरण | दर प्रति कि.मी. | शब्दों में |
|---|---|---|---|
| | **बस/परिवहन** | | |
| 1. | बसों का भाड़ा दर (50–60 सीटर) डीजल, टोल, आरटीओं, वाहन चालक भत्ता एवं अन्य खर्चो सहित | | |

हस्ताक्षर
(निविदाकर/अधिकृत प्रतिनिधि)

Senior Scientist & Head
R.V.S.K.V.V. Krishi Vigyan Kendra
Morena 476001 (M.P.)